कार्यालय – प्राचार्य

मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला, जिला –बालोद (छ.ग.)

email id : govtcollegearm@gmail.com website: www.gc-armarikala.in

क्रमांक 306/PSSOU/2024 अरमरीकला, दिनांक – 16/10/2024

//सूचना//

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय केन्द्र दुर्ग के पत्र, दिनांक 09/10/2024 के तारतम्य में सूचित किया जाता है कि निम्न शीर्षक पर निबंध तथा भाषण प्रतियोगिता मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला जिला बालोद में निम्नानुसार आयोजित किया जाएगा।

भाषण तथा निबंध का शीर्षक :– "पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्या देवी होल्कर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व"
प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित होगी :–

1. माध्यमिक वर्ग में कक्षा केवल आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों हेतु।
2. उच्च व उच्चतर माध्यमिक स्तर के कक्षा 9 से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु।
3. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों हेतु।

पुरस्कार :– प्रत्येक वर्ग में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम पुरस्कार 11000/– रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5100/– रूपये, तृतीय पुरस्कार 2500/– रूपये प्रदान किया जायेगा।

नोट :– प्रत्येक प्रतिभागी को ई–प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

समय :– निबंध लिखने के लिए 1 घंटा तथा भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को माध्यमिक स्तर के लिए 05 मिनट, उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए 07 मिनट तथा महाविद्यालय स्तर के लिए 10 मिनट का समय दिया जायेगा। निबंध लिखने के लिए पेपर महाविद्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

निबंध प्रतियोगिता दिनांक 23/10/2024 दोपहर 01:00 बजे से 02 बजे तक तथा भाषण प्रतियोगिता सभी वर्ग के लिए दोपहर 02:30 बजे से 04 बजे तक मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला, जिला बालोद के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। निबंध के लिए प्रतिभागी दोपहर 01:15 बजे तक तथा भाषण के लिए दोपहर 02:15 बजे तक सभाकक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

विद्यार्थियों के संबंधित विद्यालय के प्राचार्य दिनांक 22/10/2024 दोपहर 04:00 बजे तक संदेश वाहक या व्हाट्सएप नंबर 9479272866 पर प्रतिभागियों की सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

नोट :– निबंध हेतु शब्द सीमा
1. कक्षा 8वीं के छात्र–छात्रा – लगभग 500 शब्द
2. कक्षा 9 से 12वीं के छात्र–छात्रा के लिए – लगभग 1000 शब्द
3. महाविद्यालयीन छात्र–छात्रा के लिए – लगभग 1500 से 2000 शब्द

प्राचार्य/समन्वयक
Principal
Madan Lal Sahu Govt College
Armarikala, Dist. Balod (C.G.)

प्रतिलिपि पृ. क्रमांक 307/PSSOU/2024 अरमरीकला, दिनांक – 16/10/2024

1. सहायक संचालक, क्षेत्रीय केन्द्र दुर्ग को सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शाला अरमरीकला, मोहारा, बासीन, पलारी, बोहारा, अरकार, बटरेल, मोखा, बैलौदी, माहुंद, भोथली, कोसागोंदी, बोरगहन.................................. आदि को छात्र–छात्राओं को प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेने हेतु सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचनार्थ तथा अपना पंजीयन श्रीमती छायारानी साहू प्रयोगशाला तकनीशियन के पास दिनांक 22/10/2024 तक कराने हेतु।
4. सूचना पटल/वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

Principal
Madan Lal Sahu Govt College
Armarikala, Dist. Balod (C.G.)